
## ७. घंटी कौन बाँधे



**पूसी नामक एक बिल्ली थी। वह** सदा चूहों की खोज में रहती थी। चूहे डर के मारे बिल से बाहर न निकल पाते।

एक बार निक्कू नामक चूहे ने सभी चूहों को सलाह देने के लिए बुलाया। निक्कू की **आवाज़** सुनते ही किट्टू, गिट्टू, बिट्टू और निट्टू सभी चूहे बिलों से बाहर आ गये।



निक्कू : मुझे बिल्ली से बचने का एक उपाय सूझा है।

किट्टू : कौन-सा?

बिट्टू : निक्कू भाई! जल्दी बताओ। इस पूसी ने तो हमारी नाक में दम कर रखा है।

निक्कू : पूसी की गरदन में एक घंटी बाँध देते हैं। जब वह आयेगी तो घंटी बजेगी। हम भागकर छुप जायेंगे।

किट्टू : गाय के गले में घंटी बँधी हुई है। उसकी रस्सी काटकर घंटी तो मैं ले आऊँगा और निक्कू रस्सी ले आयेगा।

SCERT TELANGANA

बिट्टू : फिर देर **काहे की। अभी ले आओ।**



**बिट्टू, किट्टू और निक्कू** की बात सुनकर उनके दादाजी बोले- बच्चो! यह सब कुछ तो तुम कर लोगे। परंतु बिल्ली के गले में घंटी बाँधेगा कौन?

दादाजी की बात सुनते ही सबके होश उड़ गये। उसी समय पूसी की म्याऊँ-म्याऊँ की **आवाज़** सुनायी दी। चूहों ने इधर-उधर छिपकर अपनी जान बचायी।


तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21
SCERT TELANGANA



सुनो-बोलो



(अ) चूहे किससे परेशान थे?

(आ) बिल्ली का नाम क्या था?

(इ) निक्कू की **आवाज़** सुनकर कौन बाहर आया?

(ई) निक्कू ने चूहों को बाहर क्यों बुलाया?

(उ) निक्कू ने बिल्ली से बचने का क्या उपाय बताया?

(ऊ) किट्टू और निक्कू की बात सुनकर दादाजी ने क्या कहा?

(ए) गीत की पंक्तियाँ आगे **बढ़ाइए।**

दूध मलाई किसने ............?

............. ने ही सब निपटायी।

किट्टू ने ............. लगायी।

चूहों दौड़ो .............।



**पढ़ो-लिखो ।**

(अ) नीचे दिये गये शब्द **पढ़िए।** पाठ में आये शब्द पहचानकर '◯' **लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बिल्ली | निक्कू | किट्टू | अड्डा | शक्कर |
| लट्टू | चक्की | लस्सी | रस्सी | अस्सी |


(आ) नीचे दिये गये शब्दों में रेखा खींचे गये अक्षरों को उसी का आधा अक्षर लगाकर **पढ़िए।**

| | | |
|---|---|---|
| बिली | - | बिल्ली |
| शकर | - | शक्कर |
| रसी | - | रस्सी |
| लटू | - | लट्टू |



SCERT TELANGANA

(इ) अक्षर मिलाकर पढ़ो।




(ई) जल्दी-जल्दी **पढ़िए**।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बिल्ली | चक्की | रस्सी | डिब्बा | तिल्ली | पक्की |
| अस्सी | गुब्बारा | फल्ली | लस्सी | लट्टू | नट्टू |

(उ) नीचे दिये गये शब्दों से खाली जगह **भरिए**।

बिल्ली   रस्सी   लट्टू   अस्सी   चक्की

१. नट्टू ................ से खेल रहा है।

२. रानी ................ कूद रही है।

३. ................ चूहे पर झपटी।

४. रामू ................ रुपये का सामान लाया।

५. **गेहूँ** ................ में पीसते हैं।

(ऊ) नीचे दिये गये शब्द **पढ़िए**। वाक्य सही क्रम में **लिखिए**।

१. बिल्ली नामक पूसी एक थी।

ज. ..............................................................

SCERT TELANGANA



तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21

२. गये बाहर आ बिलों से चूहे।

ज. ................................................................

३. देते बाँध हैं एक घंटी।

ज. ................................................................

४. रस्सी निक्कू आयेगा ले।

ज. ................................................................

(ए) नीचे दिये गये शब्दों में अंतर **समझिए। पढ़िए।**

| | | |
|---|---|---|
| बिलली | - | बिल्ली |
| निकक‍ू | - | निक्कू |
| किटटू | - | किट्टू |
| रससी | - | रस्सी |





लिखो

(अ) **द्वित्वाक्षर** में मात्रा लगाकर **पढ़िए। लिखिए।**

| | ा | ि | ी | ु | ू | े | ै | ो | ौ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्क | | | | | | | | | |
| स्स | | | | | | | | | |
| ट्ट | | | | | | | | | |
| ल्ल | | | | | | | | | |

SCERT TELANGANA

(आ) इन **द्‌वित्वाक्षरों** से शब्द **बनाइए** और **लिखिए**।


क्क ................. ................. .................

स्स ................. ................. .................

ल्ल ................. ................. .................

ब्ब ................. ................. .................

(इ) 'बिल्ली' से संबंधित शब्द **लिखिए**।






१. ................. २. ................. ३. .................

४. ................. ५. ................. ६. .................

(ई) खाली स्थान भरिए।

१. ................. का नाम पूसी था।

२. ................. ने सभी चूहों को सलाह करने के लिए बुलाया।

३. सभी ने मिलकर बिल्ली के गले में ................. बाँधने की सोची।


४. दादाजी ने पूछा - बिल्ली के गले में ................. बाँधेगा कौन?

५. पूसी की ................. **आवाज़** सुनायी दी।

SCERT TELANGANA


तेलंगाणा राज्य सरकार द्‌वारा निशुल्क वितरण 2020-21

(उ) नीचे दिया गया चित्र **देखिए**। उसके बारे में **लिखिए**।



SCERT TELANGANA

१. ...............................................................

२. ...............................................................

३. ...............................................................

४. ...............................................................